कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांकः-09.07.2024

विषयः- आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास (कांवड़ यात्रा) में शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्री चंद्रकांत मीना द्वारा थाना सारनाथ मे सम्भ्रांत व्यक्तियों संग पीस कमेटी की मीटिंग आहूत की गयी।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी व श्रीमान् संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध महोदय के निर्देशन में आज दिनांक-09.07.2024 को पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्री चन्द्रकान्त मीना की अध्यक्षता में थाना परिसर सारनाथ में आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास (कांवड़ यात्रा) में शान्ति/सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना तथा आपसी भाई-चारा बनाये रखने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक/मीटिंग की गयी। मीटिंग में उपस्थित क्षेत्र के सभी सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ताजियादारों, धर्मगुरुओं व मेला आयोजकों को शासन द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश से अवगत कराते हुए आपसी भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन महोदय द्वारा सारनाथ थाना क्षेत्र के आशापुर व पुरानापुल में ताजिया व जुलूस की रूट व्यवस्था के संबंध में, ताजिया व जूलूस में मार्ग में पडने वाले विद्युत तारों, साफ-सफाई के संबंध में, सावन माह में कांवरियों के रूट व्यवस्था व मार्ग में सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के संबंध में, सावन माह में सारंगनाथ मंदिर सारनाथ में प्रत्येक सोमवार को लगने वाले मेला व दर्शनार्थियों को सुलभ दर्शन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के संबंध में व आशापुर चौराहा, चन्द्रा चौराहा, पंचक्रोशी सब्जी मंडी के पास अतिक्रमण हटवाने के संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना सारनाथ व मीटिंग मे उपस्थित चौकी प्रभारियों व उपनिरीक्षण को निर्देशित किया गया तथा मीटिंग मे उपस्थित आए संभ्रांत व्यक्तियों, पार्षद, प्रधान व अन्य लोगों को क्षेत्र में हो रही चोरी, लूट आदि घटनाओं के अनावरण मे सहयोग एवं रोकथाम हेतु सी0सी0टी0वी0 कैमरा ज्यादा से ज्यादा लगवाने के संबंध में उनसे अपील की गयी साथ ही उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके तत्काल समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु हिदायत दी गयी। त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उक्त मीटिंग में श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ व प्रभारी निरीक्षक थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन
कमिश्नरेट-वाराणसी।